हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 अप्रैल 2024

11 सैनिक स्कूल में द्वितीय इंटर हाउस एथलेटिक मीट



12 चनकोठी में किसानों ने विधायक का किया विरोध, दिखाएं काले झंडे



### दिन में तेज धूप और रात को ठंडक का असर लोगों के स्वास्थ्य पर देखा जा रहा

# मौसम में बदलाव से वायरल इंफेक्शन, फ्लू इन्फ्लूएंजा संक्रमण का खतरा, अस्पतालों में बढ़ रहे मरीज

**मार्च माह के अंतिम दिन तापमान 35 डिग्री को पार कर गया जबकि न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के आसपास है**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

पिछले 10 दिनों से मौसम के बदलते तेवरों से लोगों का स्वास्थ्य बिगाड़ कर रख दिया है। दिन में तेज धूप और रात को ठंडक का असर लोगों के स्वास्थ्य पर देखा जा रहा है। मार्च माह के अंतिम दिन तापमान 35 डिग्री को पार कर गया जबकि न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के आसपास है। तापमान में इतने अंतर के चलते वायरल बुखार, गले में खराश, बदन दर्द और पेट सम्बंधी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बदलते मौसम में वायरल, बैक्टीरियल और फंगल इंफेक्शन का खतरा बना रहता है। यही कारण है कि शहर के सिविल अस्पताल व निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या दोगुणा हो गई है। चिकित्सकों का भी कहना है कि इस मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए सेहत का खास ख्याल रखना जरूरी है। बता दें कि मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में मौसम में लगातार बदलाव आ रहा है। इसका असर अब स्वास्थ्य पर पड़ना शुरू हो गया है। पिछले एक सप्ताह से नागरिक अस्पताल में ओपीडी भी बढ़नी शुरू हो गई है। छाती रोग विशेषज्ञ के पास पहले 40 से 50 के करीब ओपीडी होती थी, जिनकी अब संख्या बढ़कर 70 को पार कर गई है। अधिकतर लोग बुखार, जुकाम व खांसी की शिकायत लेकर आ रहे है। मौसम में आए बदलाव के कारण ऐसा देखने को मिल रहा है। गांवों में वायरल बुखार तेजी से फेल रहा है। ऐसे में लोग गांवों में कार्य कर रहे डाक्टरों से ही दवाइयां ले रहे है। अगर मरीज लंबे समय तक ठीक नहीं हो रहे तो शहर की तरफ आ रहे है। सरकारी अस्पताल की तरफ प्राइवेट अस्पतालों में भी ओपीडी लगातार बढ़ रही है। फिजिशियन के पास अधिक भीड़ देखने को मिल रही है। यह वायरल बुखार है। अगर चिकित्सक की सलाह पर कुछ दिनों तक दवाइयां का सेवन किया जाए तो यह ठीक भी हो सकता है।



फतेहाबाद। नागरिक अस्पताल में मरीजों की भीड़।

#### दिन में गर्मी और रात को ठंड

मौसम में आए बदलाव का असर शरीर पर पड़ रहा है। दिन के समय अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक जा पहुंचा है। ऐसे में रात का तापमान एकाएक कम हो रहा है। इस कारण हमारा शरीर सहन नहीं कर पा रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि अब हम सर्दियों से गर्मियों की तरफ जा रहे है। दिन के तापमान में भी एकाएक बढ़ोतरी हो गई है। ऐसा मौसम उन लोगों को परेशान करता है, जिनका इम्यून सिस्टम कमजोर होता है।

#### इन बातों का ध्यान रखें लोग

- बुखार-जुकाम होने पर कैमिस्ट से एंटीबॉयोटिक लेने की बजाय, चिकित्सक से परामर्श लेकर दवाई लें।
- सांस के मरीज मास्क का प्रयोग अवश्य करें।
- बदलते मौसम में अपनी डाइट का ध्यान अवश्य रखें। बाहर के खान-पान से बचें।
- अगर बुखार है तो जांच करवाने के बाद ही दवाइयां ले।
- अगर प्राथमिक तौर पर बुखार ठीक नहीं हो रहा है चिकित्सकों से संपर्क करे।
- छोटे बच्चों को विशेष ध्यान रखे।

#### नागरिक अस्पताल में ओपीडी

| | |
|---|---|
| नाक व कान की ओपीडी | 100-110 |
| महिला रोग विशेषज्ञ | 180-190 |
| चर्म रोग विशेषज्ञ | 130-140 |
| छाती रोग विशेषज्ञ | 120-125 |
| मनोचिकित्सक | 70-75 |
| दंत रोग विशेषज्ञ | 120-130 |
| अन्य ओपीडी | 150-160 |

#### लोग आ रहे बिमारी की चपेट में

*तापमान में इन दिनों काफी बदलाव आ रहा है। ऐसे में लोग बुखार, खांसी व जुकाम की चपेट में आ रहे है। रात के समय ठंड होती और दोपहर के समय तापमान एकाएक गर्म हो जाता है। जिससे शरीर सहन नहीं कर पा रहे है। लोग अक्सर ही बुखार, जुकाम आदि होने से अस्पताल आने की बजाए नजदीकी केमिस्ट से एंटीबायोटिक ले लेते हैं। कुछ लोगों को एंटीबायोटिक एब्यूज हो जाता है, जिससे बाद में दिक्कत होती है. ऐसे में फिर वे अस्पताल में आते हैं, जहां उन्हें ठीक होने में काफी वक्त लग जाता है। बेहतर है कि ऐसी स्थिति से पहले ही लोग अस्पताल पहुंचे और चिकित्सक से परामर्श लें।*

*-डॉ. मनीष टूटेजा, नागरिक अस्पताल फतेहाबाद।*

## लोस चुनावों को लेकर पुलिस मुस्तैद, 18 शराब तस्कर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

लोकसभा चुनावों के चलते शराब तस्करों के खिलाफ रविवार को फतेहाबाद पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस ने जिलेभर से एक महिला सहित 18 तस्करों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार भूना पुलिस की टीम गश्त के दौरान खैरी नहर पुल, भूना पर मौजूद थी। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा निवासी खैरी रोड, भूना शराब निकालकर बेचने का काम करता है। उसके मकान ढाणी पर काफी मात्रा में शराब निकालने का सामान पड़ा है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि वहां एक व्यक्ति पशु बाड़े की आड़ में शराब निकालने का काम कर रहा था। इस पर पुलिस ने उसे काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम दिलबाग सिंह बताया। पुलिस ने मौके से ड्रम में रखे 150 लीटर लाहन और 6 बोतल नाजायज शराब बरामद की। इसके अलावा दूसरे मामले में भूना पुलिस की टीम गश्त के दौरान सिवानी मोड़, गांव नहला पर मौजूद थी। इसी दौरान बस अड्डा नहला की तरफ से एक युवक आता दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और वापस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने उसे काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम राजेश कुमार निवासी नहला बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 13 बोतल ठेका शराब देसी बरामद हुई। एक अन्य मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने अग्रवाल कालोनी फतेहाबाद निवासी भवन कुमार को काबू कर उसके पास से 14 बोतल ठेका शराब देसी बरामद की है। एक अन्य मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने भाटिया कालोनी फतेहाबाद निवासी राजाराम को रतिया मोड के सामने, जीटी रोड पर अवैध रूप से शराब बेचते काबू किया है। पुलिस ने उसके पास से 14 बोतल ठेका शराब देसी बरामद की है।

#### इनके पास मिली शराब

सदर फतेहाबाद पुलिस ने सतनाम सिंह निवासी अलीपुर बरोटा को 9 बोतल शराब, संदीप कुमार उर्फ खडजा निवासी काजलहेड़ी को सवा 6 बोतल, सुनील कुमार निवासी दरियापुर को 13 बोतल ठेका शराब देसी बरामद की। सदर रतिया पुलिस ने सुनील कुमार उर्फ सन्नी निवासी अजीत नगर को काबू कर उसके पास से 4 बोतल शराब, गांव नंगल निवासी किशन सिंह उर्फ बोना को 2 बोतल शराब, सदर टोहाना पुलिस ने मनदीप सिंह निवासी धारसूल खुर्द को 13 बोतल, जोगिन्द्र सिंह निवासी ललौदा को 100 लीटर लाहन, ललौदा के ही मंगतराम को 9 बोतल, जमालपुर शेखां के जगरूप सिंह को 13 बोतल, गांव करण्डी निवासी मनदीप सिंह को 13 बोतल ठेका शराब देसी शराब शराब सहित गिरफ्तार किया है।

### खबर संक्षेप

#### बुजुर्ग को बातों में उलझाकर सोने का कड़ा छीनकर भागे युवक

**फतेहाबाद।** रतिया में बाईक सवार दो युवकों ने एक बुजुर्ग को बातों में उलझाकर उसके हाथ से सोने का कड़ा छीन लिया और मौके से फरार हो गए। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और लूटेरे युवकों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव लालवास निवासी ओमप्रकाश ने कहा है कि गत दिवस वह किसी काम से रतिया में टोहाना रोड स्थित आईसीआईसीआई बैंक में आया हुआ था। दोपहर को जब वह बैंक के बाहर खड़ा था तो उसी समय मोटरसाइकिल पर दो युवक सवार होकर उसके पास आए और आते ही उसे बातों में उलझा लिया।

#### रतिया शहर से बाईक चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने गत दिवस रतिया शहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव बलियाला निवासी कमल किशोर ने कहा कि अब वह रतिया की टिब्बा कालोनी में रहता है। गत दिवस उसने अपने मोटरसाइकिल को घर के बाहर खड़ा किया था और अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब मोटरसाइकिल बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

## सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के 13 आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

कालांवाली थाना पुलिस ने ड्यूटी के दौरान मारपीट करने व सरकारी कार्य मे बाधा पहुंचाते हुए रिकॉर्ड को नष्ट करने के एक मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कालांवाली थाना प्रभारी चांद सिंह ने बताया कि बीती 10 अक्तूबर 2023 को बिजली निगम के जेई नेकीराम ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई कि ड्यूटी के दौरान 13 लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए न केवल उनसे मारपीट की बल्कि रिकॉर्ड को भी नष्ट किया। इस शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। जिन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है उनमें हरजीत सिंह निवासी वार्ड नंबर 12 कालांवाली, हरदीप सिंह निवासी तारुआना, गुरसेवक सिंह निवासी गदराना, गुरचरण सिंह निवासी वार्ड नंबर 11 कालांवाली, बलबीर सिंह निवासी सुखचैन, जगदेव सिंह निवासी खतरावां, सोनीदास निवासी तारुआना, जगदेव निवासी देसुमलकाना, गुरजंट सिंह निवासी तारुआना, जगदेव निवासी वार्ड नंबर 13 कालांवाली, बसंत निवासी वार्ड नंबर 12 कालांवाली, बलजीत निवासी गदराना व कपूर सिंह निवासी कालांवाली के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि समय रहते सभी आवश्यक प्रबंधों को पूरा करें, ताकि मौके पर किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।



सिरसा। मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते डीसी व एसपी।

## जाखल में किन्नर समाज के दो पक्षों में विवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

रविवार को जाखल क्षेत्र के किन्नर समाज के दो पक्षों में आपसी विवाद हो गया है। अपने-अपने एरिया में नाजायज तौर पर घुसने को लेकर दोनों ही पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। एक पक्ष में सुमन महंत, लीलू महंत, सरिता, कोमल, मनीषा आदि शामिल है तो दूसरे पक्ष में तनु, केवल, काजल, नीना, गगन और माही शामिल है। सुमन महंत का कहना है कि कुछ समय पहले उन्होंने अपनी गद्दी को नीलू महंत को सौंप दी थी और अब वही जाखल मंडी और 19 गांव में बधाई मांगने की हकदार है, लेकिन कुछ लोग उनके एरिया को अपना बताकर उनके एरिया में बधाई मांग रहे हैं जोकि गैर कानूनी है। वह इस मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस में शिकायत दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो बाहरी लोग अब बधाई मांग रहे हैं, उन्होंने सरपंचों से लिखवाया हुआ दिखाया है, लेकिन आज उनकी एक मीटिंग में सरपंच संगठन ने उन्हें लिखित में दिया है कि उन्होंने जो भी आज से पहले लिखित में दिया था वह सब रद्द करते हैं। इस बात को लेकर ग्राम पंचायत एसोसिएशन की तरफ से एक प्रस्ताव भी जारी कर दिया है। दूसरे पक्ष में तनु महंत का कहना है कि अगर बाहरी लोग उनके एरिया में आकर बधाई मांग सकते हैं तो वह अपने एरिया में क्यों नहीं मांग सकते। उन्होंने कहा कि जब सरपंचों ने उन्हें लिख कर दिया था तभी से वह यह काम करने लगी है, जबकि इससे पहले वह काम नहीं करती थी।



जाखल। पुलिस थाना में पहुंची किन्नर समाज के लोग।

#### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

इस बारे जाखल थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि मामले को शांत करवाने का प्रयास किया जा रहा है। आज दोनों की पंचायत भी बुलाई गई थी लेकिन मामले का समझौता नहीं हो पाया है। दोनों पक्ष अपनी-अपनी मांग पर अड़े हुए हैं और एक दूसरे पर एरिया में घुसने का आरोप लगाते हुए हैं। जल्द ही इस मामले को सुलझा लिया जाएगा।

## बैजलपुर में एक खेत ढाणी में चोरी नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भूना

बैजलपुर गांव के खेत की एक ढाणी में शनिवार की रात को अज्ञात चोर 70 हजार की नगदी और सोने-चांदी के लाखों रुपये जेवरात चोरी करके ले गए। हालांकि वारदात के समय परिवार के लोगों के आगे चोरों ने दरवाजा बंद करके कैद कर दिया था। दूसरे कमरे में वृद्ध महिला बिमला देवी ने रोशनदान से निकलकर दूसरे कमरे में बंद परिवार के सदस्यों को बाहर निकाला और चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया और मुकदमा दर्ज करके चोरों की तलाश के लिए कार्रवाई शुरू की। पुलिस को दी शिकायत में बैजलपुर निवासी रोहताश बेनीवाल ने बताया कि रात करीब एक बजे के बाद अज्ञात चोरों ने नींद में सोए हुए पूरे परिवार के आगे कमरे का बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। चोरों ने अलमारी में रखी हुई 70 हजार की नगदी व सोने की गंठी, झुमके, अंगूठी, मंगलसूत्र व चांदी की पाजेब इत्यादि जेवरात निकाल कर ले गए। इनमें लगभग चार तोले सोना व 100 ग्राम चांदी के आभूषण शामिल थे। जब सुबह परिवार के सदस्य नींद से उठे तो बाहर से दरवाजा बंद मिला, जिसको लेकर उन्होंने जोर-जोर से आवाज लगाई।

## भक्ति के लिए उम्र की कोई बाधा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

श्री गौशाला में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ के तीसरे दिन कथा सुनाते हुए कथावाचक पंडित योगेंद्र कृष्ण महाराज ने कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे हैं, वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्मदाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए कथाव्यास ने बताया कि भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा। कथा में उत्तानपाद के वंश में धुरव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि धुरव की सौतेली मां सुरुचि द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया, जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है।



सिरसा। कथा वाचन करते कथा व्यास पंडित योगेंद्र कृष्ण।

## विधायक नैना सिंह चौटाला पहुंची डबवाली



**डबवाली।** बाढड़ा की विधायक नैना सिंह चौटाला ने रविवार को डबवाली हलका के विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने गांव अबूबशहर में ब्रह्माकुमारीज की ओर से स्थापित शिव वाटिका का उद्घाटन किया। इस दौरान माउंटआबू से विशेष रूप से आई ब्रह्माकुमारीज की महिला विंग की नेशनल कोऑर्डिनेटर सविता भी विशेष रूप से मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान विधायक नैना सिंह चौटाला ने ब्रह्माकुमारीज की ओर से आमजन में धार्मिक व आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से उनका प्रचार प्रसार करने की मुहिम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ऐसे आयोजनों से आमजन में धार्मिक क्षेत्र में आगे बढ़ने की इच्छाएं बलवती होती हैं। बाद में वे गांव में ही सरपंच भीम सहारण के आवास पर पहुंची और सहारण परिवार के साथ-साथ अन्य ग्रामीणों से भी मिलकर उनका हाल जाना। इस दौरान उन्होंने सभी ग्रामीणों से संसदीय चुनावों में जेजेपी को सफल बनाने का आह्वान किया। इसके बाद विधायक नैना सिंह चौटाला के नेतृत्व में हलके के गांव राजपुरा माजरा से अनेक कंबोज परिवारों ने जेजेपी परिवार का दामन थामा।

## मतदाता होने पर गर्व महसूस करें नागरिक: आरके सिंह




**सिरसा।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने शनिवार को देर शाम स्थानीय ओएचएम सिनेमा में स्वीप अभियान के तहत गतिविधियों का निरीक्षक किया। इस दौरान उन्होंने प्रांगण में स्थापित सेल्फी प्वाइंट्स पर फोटो क्लीक करवाकर लोगों को मतदान का संदेश दिया। उन्होंने युवा मतदाताओं से बातचीत भी की और आगामी 25 मई को मतदान प्रक्रिया में बढचढकर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने कहा कि जिला के सभी मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और हर मतदाता मतदान प्रक्रिया में भाग अवश्य लें तथा गर्व महसूस करें क्योंकि आप भारतीय संविधान द्वारा दिए गए अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि वोट बनवाने के लिए किसी भी तरह की दिक्कतें आती हैं तो वे वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 तथा वोटर हेल्पलाइन एप पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

### श्री अमर ज्योति मंदिर के वार्षिक समारोह में रतिया से श्रद्धालु दर्शन के लिए आएंगे फतेहाबाद

# रतिया व हिसार में रहने वाले श्री झूलेलाल के भक्तों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

श्री अमर ज्योति मंदिर फतेहाबाद में 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक आयोजित होने वाले 41वें वार्षिक समारोह एवं सतगुरू बाबा श्री झूलेलाल जी श्री अमरलाल जी के 1074वें प्रकट उत्सव समारोह को लेकर रतिया के श्री झूलेलाल जी के भक्तों में काफी उत्साह है। इस महोत्सव में रतिया क्षेत्र से काफी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे और श्री झूलेलाल जी के दर्शन करेंगे। श्री अमर ज्योति मंदिर फतेहाबाद की रतिया शाखा के प्रधान बनवारी लाल के नेतृत्व में सेवादार जोर-शोर से इसकी तैयारियों में जुटे हैं। रतिया से काफी संख्या में सेवादार हर वर्ष बड़ी श्रद्धा, लगन और मेहनत के साथ पहुंचकर वार्षिक कार्यक्रम के दौरान सेवा कायार्ें को प्राथमिकता देते हैं।

सेवादारों द्वारा पिछले कई दिनों से महोत्सव को लेकर रतिया क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कर श्री झूलेलाल जी के भक्तों को महोत्सव का निमंत्रण दिया जा रहा है। इसके अलावा श्री हिसार शाखा द्वारा भी हिसार, हांसी और आसपास के क्षेत्रों में 8 से 10 अप्रैल तक आयोजित होने वाले वार्षिक समारोह को लेकर प्रचार-प्रसार जोरों पर चल रहा है। हिसार, हांसी व आसपास के क्षेत्रों से भी काफी संख्या में श्रद्धालुगण श्री अमर ज्योति मंरिद फतेहाबाद में श्री झूलेलाल जी के दर्शनों के लिए पहुंचेंगे। हिसार शाखा प्रधान मेहता कश्मीरी लाल, महासचिव विनोद कुमार बजाज व अन्य पदाधिकारियों द्वारा सेवा कायार्ें में बढ़चढ़ कर भाग लिया जाता है। फतेहाबाद में आयोजित होने वाले वार्षिक समारोह के दौरान दूरदराज दिल्ली, यूपी, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने व भोजन आदि की व्यवस्था करने में रतिया व हिसार शाखा के पदाधिकारियों की अहम भूमिका रहती है। श्री अमर ज्योति मंदिर फतेहाबाद के ऑडिटर सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा ने बताया कि हिसार व रतिया शाखा के पदाधिकारियों, श्री झूलेलाल जी के भक्तों का वार्षिक समारोह में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा।



फतेहाबाद। श्री अमर ज्योति मंदिर।



## दूध, दही, लस्सी मिट्टी के बर्तन में रखते थे

दूध खराब न हो इसके लिए उसे मिट्टी की कढ़ोणी में रखा जाता था। कढोणी के नीचे ईंधन डाल दिया जाता था। दिनभर यह दूध उबलता रहता था। जिसके बाद वह खराब नहीं होता था। चाय आदि के दूध को ज्यादा गर्मी होने पर ठंडे पानी में रखते थे। मिट्टी की बिलौनी में दूध को शाम के समय जमाया जाता था। सुबह जो दही जमी होती थी, उसको बिलोकर मक्खन व लस्सी बना लिया जाता था।

# तूड़ी, अनाज और खाद्य वस्तुओं के भंडारण की सस्ती तकनीक का इस्तेमाल करते थे ग्रामीण



*चार दशक पहले तक बहुत से गांवों में इक्का दुक्का घरों में ही बिजली का कनेक्शन होता था। जिन घरों में बिजली का मीटर था। उनमें भी पर्याप्त बिजली उपकरण नहीं होते थे। लोग केवल रात को बल्ब जलाने के लिए बिजली का प्रयोग करते थे। आज हालात यह हैं कि बिजली की वजह से गांव देहात के दृश्य ही बदल गए हैं। गर्मी के मौसम में लोग गलियों में या घरों की छतों पर सोते थे। अब रात को गर्मी के मौसम में जहां गलियां सुनसान दिखाई देती हैं। पहले ऐसा नहीं था। पूरे गांव की गलियां रात को भी गुलजार रहती थी।*

परंपरा | राज कुमार नरवाल

आज से चार दशक पहले तक बहुत से गांवों में इक्का दुक्का घरों में ही बिजली का कनेक्शन होता था। जिन घरों में बिजली का मीटर था। उनमें भी पर्याप्त बिजली उपकरण नहीं होते थे। लोग केवल रात को बल्ब जलाने के लिए बिजली का प्रयोग करते थे। धीरे धीरे इलेक्ट्रिक उपकरण बढ़ते चले गए और हालात यह हैं कि बिजली की वजह से गांव देहात के दृश्य ही बदल गए हैं। गर्मी के मौसम में लोग गलियों में या घरों की छतों पर सोते थे। अब रात को गर्मी के मौसम में जहां गलियां सुनसान दिखाई देती हैं। पहले ऐसा नहीं था। पूरे गांव की गलियां रात को भी गुलजार रहती थी। आस पड़ोस व मोहल्ले के लोग देर रात तक एक दूसरे से बातचीत करते रहते थे। इन्वर्टर आने के बाद तो लोगों ने घरों के अंदर ही रहना शुरू कर दिया। अब तो गर्मी हो या सर्दी दिन के समय भी गांवों की गलियां सुनसान रहती हैं। पहले गांव के लोग दोपहर के समय भी घरों से बाहर ही रहते थे। गांव की बणियों में पेड़ों की छांव के नीचे पशुओं को बांधते थे और वहीं पर गांव के लोगों की दोपहरी कटती थी। बिजली के उपकरण जैसे जैसे बढ़ते चले गए वैसे वैसे ही गांव देहात के लोगों का रहन सहन और जीवन यापन का तौर तरीका ही बदलता चला गया।

### बर्फ को बोरी में डालकर तूड़ी में दबा देते थे

कोल्ड स्टोरेज व फ्रीज के आने से पहले खाने पीने की वस्तुओं के भंडारण का भी सिस्टम बदल गया। पहले ब्याह शादी में शहर से बर्फ की सिल्ली खरीदकर लाते थे तो उसको बोरी में डालकर तुड़ी में दबा दिया जाता था। जिससे बर्फ पिघलती नहीं थी।

### तूड़ी को सुरक्षित रखने के लिए भूसे से खेत में ही बना लेते थे कूप

अब तूड़ी को ज्यादातर लोग कमरों में भरकर रखते हैं। लेकिन पहले खेतों में तूड़ी रखने के लिए गेहूं की डालियों व भूसे आदि से लोग कूप बनाते थे। कूप बनाने में केवल श्रम लगता था। किसी भी प्रकार का खर्च इसको बनाने में नहीं लगता था। कूप में रखी गई तूड़ी गर्मी, सर्दी, बारिश व आंधी में सुरक्षित रहती थी। अब तूड़ी रखने के लिए बनाए जाने वाले कमरों पर लाखों रुपए खर्च होते हैं। पहले किसान गेहूं की तूड़ी के अलावा चने की भुरली, चने का खार, चने का न्यार और ग्वार का गूणा भी संभालकर रखते थे। कुछ इलाकों में तो आज भी इक्का दुक्का तूड़ी के कूप देखने को मिल जाते हैं।

### कागज को गलाकर बनाए ठाठियों में रखी जाती थी मिठाइयां

ब्याह शादी से कई दिन पहले घर की महिलाएं कागजों व गत्तों को इकट्ठा करके मिट्टी के घड़ों में डाल देती थी। उसके बाद इनमें पानी भर लिया जाता था। कागज गल जाने के बाद उनको मुलतानी मिट्टी मिलाकर मूसल के साथ उंखल में कूटा जाता था। जो कागज गलने के बाद गारा सी बनती थी, उससे महिलाएं बोहिए अथवा ठाठिए बनाती थी। उसके बाद मुल्तानी मिट्टी से उसकी लिपाई की जाती थी। महिलाएं इन बोहियों पर चित्रकारी करती थी। इन बर्तनों में मिठाइयां रखी जाती थी। इनमें रखी मिठाइयां खराब नहीं होती थी।



### तूड़ी में रखा जाता था प्याज

जब प्याज सस्ता होता था। तब उसको काफी मात्रा में खरीद लिया जाता था। उसके बाद उसको तूड़ी में रख दिया जाता था। तूड़ी में रखा गया प्याज महीनों तक खराब नहीं होता था। सालभर बाद भी प्याज ज्यों का त्यों रहता था।



### बालू रेत में रखे चने और मूंग नहीं होते थे खराब

चना व मूंग जैसी दलहन फसलों को खराब होने से बचाने के लिए लोग उनको बालू रेत में रखते थे। कई कई मण अनाज घरों में बालू रेत में पड़ा रहता था। यह अनाज लंबे समय तक बालू रेत में खराब नहीं होता था।

### महिलाएं बनाती थी गारा मिट्टी के कुठले

आज से तीस साल पहले तक महिलाएं गारा मिट्टी से छोटे बड़े कुठले बनाती थी। बड़े कुठलों में तो दो तीन मण तक गुड़ आ जाता था। कुठलों में रखा गया गुड़ चौमासे में भी खराब नहीं होता था। सभी तरह के मौसम बीत जाने के बाद भी सालभर गुड़ ज्यों का त्यों रहता था। इन कुठलों को ढंकने के लिए ढक्कन भी गारा से ही बनाया जाता था।

### घी को रखा जाता था मिट्टी के बर्तन (बारा) में

पहले ग्रामीण आंचल में बसने वाले अधिकतर लोग पशु पालते थे। कई घरों में तो कई कई दुधारू पशु होते थे। जिस वजह से बहुत घी स्टॉक करना पड़ता था। घी मिट्टी के पक्के बर्तनों में रखा जाता था। घी के बर्तन को बारा कहा जाता था। पहले घरों में घी के बारे भरे रहते थे।

### शहतूत की टहनियों से बने बोहिए में रखी जाती थी रोटियां

शहतूत की टहनियों को काटकर उनसे बोहिए, छाबड़े, छाबड़ी व पालने बनाए जाते थे। इन वस्तुओं में छिद्र होते थे, जिससे उनमें हवा भी पहुंचती थी। शहतूत से बनाए बोहिए में रेजे से बने छालने में लपेटकर रोटियां रख दी जाती थी। जो शाम तक भी खराब नहीं होती थी। कुछ लोग तो इन बोहियों में रखी रोटियों को दूसरे दिन भी खा लेते थे। जानवरों व पशुओं से बचाने के लिए इन बोहियों को मकान की छत पर रस्सी का छिक्का बनाकर उसमें रख दिया जाता था। बोहिया हवा में लटकता रहता था। सुबह एक बार महिलाएं रोटियां बनाकर बोहियों में रख देती थी, जिसको जब भी भूख लगती, तभी खा लेते थे। वे रोटियां स्वादिष्ट भी लगती थी। अब रोटियों को प्लास्टिक की परत लगे डिब्बो में रखा जाता है।



### बुखारियों में रखा जाता था अनाज

घर में चना, गेहूं, ग्वार, ज्वार आदि अनाज बुखारियों में रखा जाता था। घर में एक जगह पर ईंटों की छोटी दीवार बनाकर एक जगह बना ली जाती थी। जिसमें अनाज भर लिया जाता था। उसकी दीवारों की गाय के गोबर व मिट्टी से लिपाई पुताई कर दी जाती थी।

### मर्तबान में रखते थे अचार

अचार जहां अब प्लास्टिक के डिब्बों में रखा जाता है। वहीं पहले घरों में महिलाएं अचार को चीनी मिट्टी व कांच से बने अमृतबाण में रखती थी। अमर्तबाण में रखा गया अचार लंबे समय तक खराब नहीं होता और वह स्वादिष्ट रहता है। महिलाएं खुद अचार डाल लेती थी और उसको अमृत बाण में रख लेती थी। खेतों से शहद इकट्ठा करके भी लोग उसके कांच के बर्तन में रखते थे। कांच के बर्तन में शहद खराब नहीं होता।

---


रागनी | विश्वबंधु शर्मा



### क्यां की चिंता करता

पैदा सो ना पेद जगत मैं , जो ज्याम्यां सै वो मरता है ।
केवल कर्म हाथ मैं तेरै , तूँ क्यां की चिंता करता है ।। टेक ।।
सातदिनां मैं मरणा निश्चित , फेर क्यूँ मृत्यु तैं डरता है ।
रवि सोम मंगल बुध गुरु शुक्र , वोह नाम शनि का धरता है ।
दोष अपणे पै लेता न वो , वो त्यार बहाना करता है ।
बहाने बिन न मोत किसे की , इत कर्मा का फल भरता है ।
अगले पिछले कट्ठे होज्यां , तूँ नाम मोतका धरता है ।
सब के हित मैं काम करै तूँ , तूँ अपणा हित ना करता है ।
काम क्रोध लोभ मोह मद मैं , नासमझ डूब केंमरता है ।
अकल आपणी बाध लागती , यकीन किसी पै न करता है ।
श्रद्धा विश्वास नहीं मन मैं, ना माधव मन तैं भजता है ।
माया ममता मैं घिर बैठा , कट खाणी से ना डरता है।
तूँ दीन बन्धु हरि ना भजता , मकड़ी ज्यूँ जाळे घिरता है ।
तूँ चरण शीश कदे न धरता , तूँ अकड़ा अकड़ा फिरता है ।
दोष नसादे पाप मिटा दे , वो सबका पेटा भरता है ।
थावस राख थोड़ी सी मन मैं , तूँ बेसबरी क्यूँ करता है ।
वो न्यायधीश न्यारा जग मैं ,बिन पासंग नरजा धरता है।
ग्रीवा काट गज नै बचावै , उद्धार अहल्या करता है ।
सुग्रीव बिचारा लाचारी , वो बाली का वध करताहै ।
बाणासुर की कन्या ठाले , शिव ध्वजा जमी पै धरता है ।
बनवारी ताकत का दाता , बन्धु शक्ति सब मैं भरता है ।
सब कुछ त्यार करै नर तेरा ,क्यूँ फिकर गात मैं करता है ।

गजल | किरण यादव



कौन आया दरमियाँ
जो हैं इतनी चुप्पियाँ


क्यूँ हमारे बीच में
आईं इतनी दूरियाँ

कैसे बतलाएँ तुम्हें
कितनी हैं मजबूरियाँ

कैसे भर पाएँगे हम
बीच की ये खाइयाँ

जहन में चुभने लगीं
जाने कितनी किर्चियाँ

गीत | शकुन्तला काजल 'शकुन'



### खूँटे नै भैंस पड़ाएं

पतली पिंडी पेट कूप-सा, ज्यों पेठा टॉग लगाएं जा...
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।

कर ले याद पुराणे दिना नै, जब कॉलेज मैं जाया करता।
उचक- उचक सब देखा करते, बिन गिनती दंड लगाया करता,
इब प्यारे तूं जावै फैलता,
गिरड़ी-सी गिरड़ाए जा..
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।।

जब-जब बात करूँ फिटनेस की, ऐकै बात सुनावै तू,
ब्याह होना था हो लिया , मत सिर पै चढ़ती आवै तू।
देख गली के मारैं सीट्टी, सर्कस का जोकर बताएं जा...
ओ जुल्मी तेरा देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।।

करूँ रंग की बात नहीं, म्हारा ईश्वर भी तो सै काला।
तेरे रूप पै बेहमाता नै, कर राख्या सै कति चाला ।।
मल- मल लावै तेल जले तूं, नहाणा रोज डिगाएं जा...
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।।

पतली पिंडी पेट कूप-सा, ज्यों पेठा टॉग लगाएं जा..
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

श्रद्धा | बाबा रामरूप में कस्बे सहित देश विदेश के लोगों की आस्था



**मेला**
बसंत पंचमी के दिन भव्य मेले का आयोजन किया जाता है

**खेल**
मेले के दौरान लाखों रुपये पुरस्कार वाली खेल प्रतियोगिता भी करवाई जाती है

# दादू नगरी के नाम से पहचाना जाता है बवानी खेड़ा

किसान | दीपक कुमार डुमड़ा

भिवानी जिले के बवानी खेड़ा में बाबा रामरूप के डेरे में लोगों के गहरी आस्था व श्रद्धा है। श्रद्धा के प्रतीक बाबा रामरूप के जन्मोत्सव के अवसर बसंत पंचमी के दिन भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। बाबा रामरूप की कस्बे के ही नहीं अपितु देश के अलग अलग हिस्सों के लोगों में भी काफी मान्यता है। बसंत पंचमी वाले दिन बाबा कि पूजा अर्चना करने के लिए मुम्बई, चेन्नई, कोलकता, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, उतरप्रदेश सहित देश के अनेक राज्यों से लोग पहुंचते हैं। कस्बे के लोगों के अनुसार जो कोई भी श्रद्वालु बाबा की सच्चे मन से पूजा अर्चना करता है बाबा उसकी हर तमन्ना तो पूरी करते ही हैं साथ साथ उनके परिवार का संकट भी हर लेते हैं। डेरा महंत बाबा गुमानदास की माने तो मेले के दौरान बाबा रामरूप का डेरा भव्य तरीके से सजाया जाता है और भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। इसके इलावा लाखों रुपये पुरस्कार वाली खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन होता है।



### कौन थे महंत गुमानदास

बाबा रामरूप डेरे के महंत गुमानदास ने बताया कि बाबा की मान्यता व जीवन के बारे में बताया कि सिद्ध श्री योगीराज बाबा रामरूप महाराज दादूपंथी का जन्म महेन्द्रगढ़ जिले के सीहा गा्रम में बसंत पंचमी के दिन विक्रमी सम्वत 1866 को गौड ब्राह्मण परिवार में हुआ था। ये दो भाई थे । इनका पूर्व नाम रामसुख था और छोटे भाई का नाम श्यामसुख था। एक बहन थी जिसका नाम फूलवती था। रामसुख छोटी अवस्था में ही विरक्त हो गए थे।

### कैसे जागी भावना

समाजसेवी सुभाष शर्मा, की मानें तो वे सुनते आए हैं कि 20 वर्ष की आयु होने पर रामसुख के ह्रदय में भावना उठी कि किसी उच्च कोटि के संत से दीक्षा लेकर जन्म को सफल बनाया जाए। वे बाबा मुंगीपा के दर्शन के लिए आ गए । तीन दिन भूखा प्यासा रहने पर भी जब मुंगीपा ने दर्शन नहीं दिए तो रामसुख ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने की सोची। तब बाबा मुंगीपा को दर्शन देने पड़े।

### कैसे बने महात्मा

रामरूप गुरु जी आशीर्वाद से भगवद् भजन में इतने लीन हो गए कि परम सिद्ध महात्मा बन गए और अपनी योग माया से चमत्कारिक कार्य करने लगे। जैसे अंग्रेजों द्वारा तोप लाए जाने पर बवानी खेड़ा की रक्षा करना, नटनी की रक्षा करना, योग माया से चोरी जानना, गुरु की भिक्षा मांगना छुड़वाना, जमीन के नीचे मीठा पानी व ईंटों को बताना, गेहूं लाने वाले की चालाकी जानना, हजारी सेठ की पुत्री का मान सम्मान से विवाह करवाना, धन राशि दिखाना, गोपीचन्द व भ्रतृहरि का दर्शन देना, दो स्थानों में एक समय दर्शन देना, बवानी खेड़ा व सिंहा ग्राम में मंदिर बनवाना आदि अलौकिक कार्य बाबा रामरूप महाराज ने किए। अंत में जयपुर के बिहारी बाग में विक्रमी सम्वत 1934 को बाबा ब्रह्मलीन हो गए।

# युवाओं को अभिनय सिखाकर पहचान दिला रहे हरिकेश पंघाल

◆ बेजोड़ लेखक व कलाकार के रूप में कमाया नाम ◆ तीन दशक से संस्कृति का करते आ रहे संवर्धन ◆ सकारात्मक विचारधारा से जोड़ युवाओं में भर रहे संस्कार

कलाकार | ओ.पी. पाल

हरियाणा की लोककला एवं संस्कृति के क्षेत्र एक से बढ़कर एक कलाकार दिए हैं। ऐसे ही कलाकारों में डा. हरिकेश पंघाल हैं, जिन्होंने नाटक, कविता और लघु फिल्मों की पटकथा लिखने के साथ ही अभिनय के क्षेत्र में भी एक अभिनेता और रंगकर्मी में अपनी कला का प्रदर्शन किया है। वहीं उन्होंने कला के क्षेत्र में अनेक प्रतिभाशाली कलाकारों को प्रशिक्षण देकर उन्हें मंच पर अभिनेता जैसे कलाकारों की पहचान दिलाई है। थिएटर डांस और साहित्यिक क्षेत्र में पिछले तीन दशक से संस्कृति का संवर्धन करते आ रहे पंघाल अभी तक 50 से अधिक नाटकों का निर्देशन कर चुके हैं। प्रसिद्ध रंगकर्मी, अभिनेता, कवि एवं लेखक डा. हरिकेश पंघाल ने अपने साहित्यिक एवं कला के सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे अनुछुए पहलुओं को साझा किया है, जिससे कहा जा सकता है कि वह अपनी कला के माध्यम से समाज को सकारात्मक विचारधारा से जोड़कर संस्कृति और युवाओं को संस्कार की राह दिखाने में जुटे हैं।

हरियाणा के भिवानी जिले के गांव खरखड़ी माखवान में चौधरी जगबीर सिंह व श्रीमती वीना रानी के घर में 03 जुलाई 1974 को जन्में कलाकार हरिकेश पंघाल के परिवार की पृष्ठभूमि राजनीतिक रही है। उनके पिता चौधरी जंगबीर सिंह भिवानी संसदीय क्षेत्र से 1991 से 1996 तक सांसद रहे। उन्होंने हरियाणा निर्माण के बाद हुए पहले चुनाव में तोशाम



विधानसभा से चौ. बंसीलाल के खिलाफ चार बार चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई। उनके बड़े भाई कमल सिंह प्रधान भी राजनीति में सक्रिय रहे। इसके बावजूद हरिकेश पंघाल का रुझान बचपन से ही कला क्षेत्र में रहा। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा के दौरान भिवानी पब्लिक स्कूल में विद्यालय के कार्यक्रमों में लघु नाटिका कविताएं और भाषण में हिस्सा लिया। इसके वे वैश्य महाविद्यालय भिवानी से स्नातक करने के दौरान रंगमंच की कला से जुड़ गए, जिसका नतीजा ये रहा कि वे युवा समारोहों में 6 बार सर्वोत्तम अभिनेता चुने गए। उनकी इस कला का आरंभ में परिजनों का विरोध भी झेलना पड़ा, लेकिन उनकी अभिरुचि परिवारिक माहौल से अलग पहचान बनाती गई, तो परिवार ने भी प्रोत्साहन दिया।

### पत्नी बनी प्रेरणा

बकौल डा. हरिकेश पंघाल उनकी पत्नी भी उनकी कला के प्रसार में प्रेरणा साबित हुई। उन्होंने मनोविज्ञान और हिन्दी एवं जनसंचार में एमए, एलएलबी के अलावा पीएच.डी की उच्च शिक्षा हासिल की है। वर्तमान में वैश्य महाविद्यालय में मनोविज्ञान प्राध्यापक के रुप में कार्यरत डा. हरिकेश पंघाल ने बताया कि 1997 में हरियाणवी कविता को भी युवा समारोह में शामिल किया गया तो उन्होंने भी स्वरचित कविता सुनाई, जिसे प्रथम स्थान मिला। इससे उनका आत्मविश्वास ऐसा बढ़ा कि कई सालों तक उनकी वह कविता युवा समारोह में अव्वल रही। इसके बाद उन्होंने कविताएं लिखना शुरु कर दिया, जिसमें कई ऐसी कविताएं रही जो बड़े बड़े मंच पर प्रसिद्ध हुई। कला जगत में शुरुआती दौर में दर्शकों को उनकी रचनाएं बहुत पसंद आई, लेकिन उन्होंने ऐसी रचनाओं को अश्लीता की परिधि में महसूस किया तो उसके बाद उन्होंने संकल्प लिया किया कि वे ऐसी रचना और नाटकों की प्रस्तुति करेंगे, जिन्हें परिवार के लोग एक साथ देख या सुन सकें। कई बार ओटीटी एप के कार्यक्रमों और हरियाणवी एल्बम और फिल्मों के लिए भी गाने लिखने का ऑफर मिला, लेकिन हरबार उन्होंने वह सबकुछ लिखने से इंकार कर दिया, जो उसके संकल्प के बाहर था। इसलिए उन्होंने सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों और समाज में फैली कुरीतियों को उजागर किया है। डा. हरिकेश दो भक्ति शब्दों पुस्तकें भी लिखी। उन्होंने 15 हरियाणवी नाटक, हरियाणवी और हिंदी में 100 से अधिक कविताओं के लेखन किया।

### सम्मान व पुरस्कार

सुप्रसिद्ध कलाकार, कवि व लेखक डा. हरिकेश पंघाल को साहित्य, कला और अभिनय के क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए हिमाचल के राज्यपाल, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, त्रिवेणी, नटराज कला मंच सहित कई संस्थाओं व मंचों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा हिंदी और संस्कृत एकांकी नाटकों में 80 शिष्यों को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिल चुका है। उनके कई छात्र बॉलीवुड और ओटीटी प्लेटफॉर्म की विभिन्न फिल्मों में काम कर रहे हैं, जो उनके लिए किसी सम्मान से कम नहीं है।

### गुरु मंत्र से अनेक युवा बने कलाकार

हरिकेश पंघाल का ध्येय कभी फिल्म जगत के परदे पर आना नहीं रहा। इसका मकसद यही था कि वह अपनी कला में कविताओं और साहित्य लेखन के माध्यम से हमेशा पथभ्रष्ट होते समाज खासकर युवा पीढ़ी को सही राह की और आकर्षित किया जाए। यही नहीं उन्होंने कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं को जोड़कर गुरु-शिष्य परंपरा को भी गति देने पर बल दिया। इसका सकारात्मक परिणाम ये है कि आज उनसे जुड़े अनेक युवा एक कलाकार के रूप मंचों पर बेहतरीन कला का प्रदर्शन करके सामाजिक उत्थान में अपना योगदान देकर अपने परिवार, राज्य व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इनमें कमल आनंद, नवीन कुमार, अनूप कुमार, शीतल, राज सिंह, जनार्धन, सोनल शर्मा, दिशिका, राजेश राठौर, साहिल अपूर्व और अमिता आदि ऐसे शिष्य कलाकार हैं, जिन्होंने कई दर्जन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के खिताब हासिल कर लिये हैं। जबकि डा. हरिकेश से अभिनय के गुर सीखकर एकता जागड़ा, उमा शैखावत, भावना, निशा, सुनीता, प्रदीप कुमार, प्रशांत, पवन कुमार, अमित कुमार आदि ने कला के क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी

**नारनौल।** जवाहर नवोदय विद्यालयों में छठी व नौवीं कक्षाओं में दाखिले के लिए आयोजित हुई प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। कक्षा छठी के लिए जेएनवीएसटी परीक्षा चार नवंबर को फेज प्रथम व 20 जनवरी को फेज द्वितीय की परीक्षा आयोजित की गई थी। वहीं कक्षा नौवीं की परीक्षा 10 फरवरी को आयोजित की गई थी।

### बीमारी से परेशान होकर व्यक्ति ने लगाई फांसी

**कनीना।** खैराणा गांव में एक व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक के पिता रोहताश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके एक लड़का व दो लड़की है, जो सभी शादीशुदा है। उसके लड़के दीवान की शादी उत्तर प्रदेश में हो रखी है। जिसकी पत्नी पिछले करीब छह माह से अपने मायके गई हुई है। रोहताश ने बताया कि दीवान पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। जिसे दौरे भी आते है। बीमारी से परेशान होकर ही अपनी जीवनलीला को समाप्त कर ली। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### सीयूईटी यूजी पंजीकरण की अंतिम तिथि 5 अप्रैल

**नारनौल।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 27 फरवरी को कॉमन यूनिवर्सिटी एडमिशन टेस्ट की अधिसूचना जारी की गई थी। सीयूईटी यूजी पंजीकरण व आवेदन फॉर्म की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब पांच अप्रैल कर दिया गया है। एनटीए ने नोटिस जारी करते हुए पंजीकरण से वंचित उम्मीदवारों को एक मौका और दिया।

### प्रॉपर्टी आईडी त्रुटि सुधार कैंप का समापन

**मंडी अटेली।** अटेली मंडी नगर पालिका परिसर में जिला नगर आयुक्त महावीर प्रसाद के आदेश अनुसार दो दिवसीय प्रॉपर्टी आईडी त्रुटि सुधार कैंप का आयोजन किया गया था, जिसमें शनिवार को 8 व रविवार को 7 लोगों की प्रॉपर्टी आईडी में जो खामियां थी उनको सुधारा गया और उन्होंने टैक्स भरकर 15 प्रशित छूट का फायदा उठाया। अटेली में कुल 4530 प्रॉपर्टी आईडी बनी हुई है, जिनमें से पीछे 964 प्रॉपर्टी आईडी में सुधार कर दिया था। बाकी की आईडी में खामियां हैं तो उनको इन कैंप के माध्यम से शुद्धिकरण किया।

---

### इनेलो नेता ने भाजपा प्रत्याशी तंवर को घेरा, कहा : ऐसे दल-बदलू नेताओं को सबक सिखाने का यही सही मौका

# 400 का सपना देखने वाली भाजपा चुनावों में 200 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी : अभय चौटाला

देश की जनता बदलाव के मूड में है और देश ही नहीं हरियाणा में भी भाजपा का सुपड़ा साफ होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

इनेलो के प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा ने इस बार 400 पार का नारा दिया है लेकिन आज देश में जो हालात है, उसे देखकर साफ है कि इस बार भाजपा 200 के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाएगी। देश की जनता बदलाव के मूड में है और देश ही नहीं हरियाणा में भी भाजपा का सुपड़ा साफ होगा। वे रविवार को फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में लोकसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कार्यकर्ता बैठक को इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने भी संबोधित किया और लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर डोर टू डोर जाकर भाजपा सरकार की पोल खोलने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता इनेलो जिला प्रधान बलविन्द्र कैरों व कार्यकारी जिला प्रधान हरि सिंह डांगरा ने की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामस्वरूप रामा, पूर्व विधायक डॉ. सीताराम ने भी संबोधित किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अभय सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा में 25 मई को लोकसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों से अवगत करवाएं और उन्हें पार्टी के साथ जोड़ें।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में भाजपा ने जैसे 400 पार का नारा दिया था, हरियाणा में भी उसने 75 पार का नारा दिया था लेकिन हरियाणा की जनता ने उसे 40 सीटों पर समेटते हुए सत्ता से बाहर कर दिया था लेकिन प्रदेश के कुछ स्वार्थी लोग जो चुनावों में भाजपा को जमकर कोस रहे थे, सत्ता के लालच में भाजपा की गोद में जा बैठे और जनता के साथ विश्वासघात किया।

भाजपा ने साढ़े 4 साल तक उन्हें अपने साथ रखा और अब चुनाव नजदीक आते ही बाहर निकाल फैंका। केन्द्र सरकार को कोसते हुए अभय चौटाला ने कहा कि भाजपा ने चुनावों में वायदा किया था कि 15-15 लाख गरीबों के खाते में डालेंगे, 2 करोड़ लोगों को रोजगार देंगे, एमएसपी लागू करे, गैस सिलैण्डर सस्ता करेंगे, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करेंगे, महंगाई कम करेंगे लेकिन चुनाव जीतने के बाद भाजपा सभी वायदों से भाग गई। आज बढ़ती महंगाई, बेरोजगार और भ्रष्टाचार ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। प्रोपर्टी आईडी के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। लोगों को परेशान कर उन्हें लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नशा और अपराध बढ़ रहे हैं।

कानून व्यवस्था खत्म हो चुकी है। इस सरकार से हर वर्ग के लोग दुखी और परेशान है और इससे छुटकारा पाना चाहते हैं। सिरसा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर को घेरते हुए अभय चौटाला ने कहा कि ऐसे दल-बदलू नेताओं का जनता से कोई सरोकार नहीं है। पहले वह कांग्रेस में रहा, फिर कांग्रेस छोड़कर टीएमसी में चला गया, फिर टीएमसी से आम आदमी पार्टी में चला गया। जब वह भी दाल नहीं गली तो वह भाजपा में शामिल हो गया। अभय चौटाला ने कहा कि कुछ दिन पूर्व वह एक कार्यक्रम में तंवर से मिले और भाजपा में शामिल होने पर पूछा तो कहा कि टिकट दे देंगे तो चुनाव लड़ लेंगे नहीं तो कोई ओर दरवाजा देख लेंगे। इस पर मैने तंवर से कहा कि हमारे दरवाजे इतने कमजोर नहीं है कि तेरे जैसे लोगों के लिए खुल जाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को जनता से कोई सरोकार नहीं है। ऐसे लोग इसलिए रोज पार्टियां बदलते हैं कि कहीं से उनका दांव लग जाए और वह एमपी, एमएलए बन जाए। ऐसे लोगों से हमें सावधान रहना है और यह चुनाव ऐसे नेताओं को सबक सिखाने का सही मौका है। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी को मजबूत करें। अपना बूथ और अपने गांव को मजबूत करे। लोकसभा चुनावों में इनेलो को हर बूथ से जीत हासिल करनी होगी।



**फतेहाबाद।** कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला।



#### कुरुक्षेत्र में कमेरे और लुटेरे के बीच संघर्ष

**सिरसा।** इनेलो के प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय चौटाला ने कहा कि कुरुक्षेत्र में कमेरे और लुटेरा वर्ग के बीच लड़ाई है और कुरुक्षेत्र की जनता ने उन्हें विजयी बनाने का पूरा मन बना लिया है। अभय चौटाला रविवार को मल्लेकां स्थित अनाजमंडी में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो भाजपा सरकार 40 हजार करोड़ के कोयला घोटाले के आरोपी को जेल भेजने की बातें कहती थी, आज उसी पार्टी ने उन आरोपियों को अपना प्रत्याशी बनाया है। अभय चौटाला ने कहा कि भाजपा ने आज संसदीय चुनावों में सभी प्रत्याशी उधार में लिए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा वह वॉशिंग मशीन है जिसमें कोई भी भ्रष्टाचारी गया तो वह पाक-साफ होकर निकला है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में महंगाई, अपराध व लूटपाट की घटनाओं के ग्राफ ने हरियाणा को शर्मिंदा किया है, इस निजाम को बदलने के लिए इनेलो को सत्ता में लाना होगा। चौटाला ने कहा कि हरियाणा में भाजपा-जजपा का गठबंधन नहीं बल्कि ठगबंधन था जिसने दोनों हाथों से हरियाणा की जनता को खूब लूटा। उन्होंने सिरसा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर बारे कहा कि उन्होंने भाजपा में शामिल होने से पूर्व कई राजनीतिक दल बदले हैं और जनता ऐसे नेताओं को सबक सिखाएगी। इस अवसर पर पार्टी जिलाध्यक्ष कश्मीर सिंह करीवाला, पूर्व विधायक डॉ. सीताराम, कार्यकारी जिलाध्यक्ष धर्मवीर नैन, शहरी जिलाध्यक्ष गंगाराम बजाज, अभय सिंह खोड, मोहनलाल झोरड़, विनोद गोदारा, राजेंद्र झोरड़, विनोद बेनीवाल, जयसिंह गोरा, छोटू सहारण, प्रवक्ता महावीर शर्मा, सरपंच विनोद बांगड़वा व दिनेश बेनीवाल सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

---

## लायंस क्लब रतिया सिटी ने लगाया रक्तदान शिविर

- रेड क्रॉस सोसायटी और लॉयन्स क्लब रतिया सिटी ने सभी रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

लायंस क्लब रतिया सिटी द्वारा अपने 43वें प्रोजेक्ट के अंतर्गत गोगामेडी रतिया में जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। क्लब के अध्यक्ष प्रदीप बंसल ने बताया कि गत दिनों 60 व्यक्तियों के रक्त सैंपल लिए गए थे जिनमे आज 40 व्यक्ति खून देने के लिए पहुंचे और उनमें से दो को रिजेक्ट कर दिया गया बाकी 38 यूनिट सफलतापूर्वक ले लिए गए। सभी रक्तदानियों को दूध व फल वितरण किए गए। इसी के साथ-साथ रेड क्रॉस सोसायटी और लॉयन्स क्लब रतिया सिटी ने सभी रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। कैंप के समापन में रेड क्रॉस संस्था की टीम को क्लब की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। सीनियर फार्मासिस्ट जनक राज को क्लब की टीम ने एक अंग वस्त्र पहना कर और स्मृति चिह्न दे कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष प्रदीप बंसल, सचिव राजू अरोड़ा, कोषाध्यक्ष विपिन बंसल, वीरभान बंसल ने परिवार समेत रक्तदान किया। इस अवसर पर क्लब के उपाध्यक्ष हरवीर जौड़ा, डॉ. सोमचंद गोयल, जीवन रहेजा, सतीश सरदाना, खेमचंद मोंगा, सुखचरण दास अरोड़ा, गोगामेडी ट्रस्ट के अध्यक्ष पाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**रतिया।** शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते अतिथिगण व क्लब सदस्य।

## सुरतिया में पहली राष्ट्रीय वॉलबाल चैंपियनशिप

- जम्मू कश्मीर के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के गांव सुरतिया में 24-25 मार्च को पहली राष्ट्रीय वॉलबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इंडियन वॉलबॉल एसोसिएशन के प्रधान आशीष पूनिया ने बताया कि इस चैंपियनशिप में देश के 7 रा'यों की टीमों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में जम्मू कश्मीर की टीम ने सभी प्रतिद्वंदी टीमों को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया जबकि हरियाणा की टीम दूसरे व राजस्थान की टीम तीसरे स्थान पर रही। जम्मू कश्मीर की टीम के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत जम्मू काश्मीर को जीत दिलवाने में अहम भूमिका निभाई। इंडियन वॉलबॉल संगठन के प्रधान और सूरतिया के प्रमुख कोच द माउंट स्कूल के डायरेक्टर गुरबेंट सिंह ने विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इंडियन वॉलबॉल के प्रधान आशीष पूनिया व वाइस प्रेसिडेंट कश्मीर कंबोज ने बताया कि वॉलबॉल मैदान में एक बॉल और वॉल के साथ खेले जाने वाला खेल है जिसमें युवाओं की रूचि काफी बढ़ रही है। इस अवसर पर सचिव नंद सिंह कौड़ी ने बताया कि यहां के विजेता खिलाड़ी 2024 में आयरलैंड में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में इंडिया की ओर से भाग लेंगे।




**सिरसा।** वालीबॉल चैंपियन शशप में विजेता रही टीम। *फोटो : हरिभूमि*

---

## लायंस क्लब ने लगाया जांच कैंप 123 मरीजों को होगा ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

लायंस क्लब रतिया टाऊन द्वारा आंखों के ऑपरेशन का कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के प्रधान रूप गर्ग थे। उन्होंने क्लब की सराहना करते हुए कहा कि आज के भौतिक युग में जहां मनुष्य अपने लिए भी समय नहीं निकाल पाता वहीं क्लब सदस्यों द्वारा जरूरतमंदों को नेत्र ज्योति प्रदान करना बहुत ही नेक कार्य है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रीजन चेयरमैन ईश मेहता व जोन चेयरमैन विजय मेहता ने कहा कि आंखों के ऑपरेशन कैंप के लिए लायंस क्लब रतिया टाऊन का नाम न केवल जनपद बल्कि इंटरनेशनल में भी उच्च स्थान पर है, इसलिए सभी को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। जैन समाधि हस्पताल की निर्देशिका की अगुवाई में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंगला व उनकी टीम द्वारा 250 नेत्र रोगियों की आंखों की जांच की गई तथा 123 जरूरतमंद नेत्र रोगियों को ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया, जिनके क्रमवार आंखों के ऑपरेशन किए जायेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान विजय जिंदल ने करते हुए क्लब की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। परियोजना अधिकारी डॉ. अनुज गुप्ता ने आंखों के कैंप ऑपरेशन हेतु दान देने वाले सहयोगियों की जानकारी दी तथा क्लब द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

## जरूरतमंदों के लिए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट तैयार

- विभिन्न गांवों के रहने वाले बीमार व्यक्तियों के उपचार के लिए सहायता राशि उपलब्ध करवाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की ओर से वरिष्ठ सदस्य प्रकाश सिंह साहुवाला व मालक सिंह भावदीन द्वारा जिला के विभिन्न गांवों के रहने वाले बीमार व्यक्तियों के उपचार के लिए सहायता राशि उपलब्ध करवाई गई। साहुवाला व कंग ने गांव भावदीन निवासी महेंद्र सिंह की पत्नी अमरजीत कौर को कैंसर के उपचार के लिए 20 हजार, सिरसा निवासी जगदीश राय की पत्नी निर्मला देवी को 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता, हारनी खुर्द निवासी गुरदीप सिंह के पुत्र बलवीर सिंह को कैंसर में उपचार के लिए 35 हजार रुपए, गांव भावदीन स्थित गुरुद्वारा बाबा जीवन सिंह को 25 हजार रुपए, खेलों के विकास के लिए बाबा तारा सिंह जी युवा स्पोर्ट्स क्लब भावदीन को 30 हजार रुपए, गांव बप्पां स्थित गुरुद्वारा नानक सेवा समिति और गांव झोरड़रोही निवासी बच्चन सिंह के पुत्र कुलवंत सिंह को 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी पातशाही दसवीं सिरसा के मैनेजर सरदार राजेंद्र सिंह राणा, डॉ. गुरुचरण सिंह वैदवाला, सरदार सुखदेव सिंह ढिल्लों, सरदार जज सिंह क्लर्क और सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



**सिरसा।** जररुतमंदों को सहायता राशि के चैक वितरित करते हुए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी। *फोटो : हरिभूमि*

## जनता लगाएगी भाजपा के 400 पार के नारे पर मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भाजपा नेता प्रदीप रातुसरिया ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने दस साल के शासनकाल में अभूतपूर्व विकास कार्य किए हैं। रातुसरिया ने रविवार को जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए इस बार 400 पार के नारे को जनता अपने मताधिकार से पूरा करने का काम बखूबी करेगी। यही नहीं एक बार फिर हरियाणा में भाजपा द्वारा लोकसभा की 10 की 10 सीटें जीतकर इतिहास रचा जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रदेश सरकार ने बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किया जिससे अंतिम छोर पर बैठा व्यक्ति भी लाभान्वित हुआ। रातुसरिया ने कहा कि केंद्र सरकार 2047 तक विकसित राष्ट्र के सपने को लेकर काम कर रही है। देश की जागरूक जनता भी सरकार के इस सपने को पूरा करने के लिए बेताब है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल ने लाखों युवाओं को बिना पर्ची व खर्ची के नौकरी देकर उन लोगों के मुंह पर ताले लगाने का काम किया, जो सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते थे। रातुसरिया ने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहिन हो गया है और सरकार के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहा है, जिसका कोई औचित्य नहीं है।

---

## श्री श्याम सेवा दल ने लगाया रक्तदान शिविर

- श्री श्याम सेवा दल द्वारा पिछले 9 वर्षों से गरीब बच्चों को शिक्षा देने का काम कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

श्री श्याम सेवा दल की ओर से 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में रविवार को जाखल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शहरवासियों व आसपास के लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। श्री श्याम सेवा दल द्वारा पिछले 9 वर्षों से गरीब बच्चों को शिक्षा देने का काम किया जा रहा है। शहर के युवाओं द्वारा 9 वर्ष पहले बनाई गई संस्था आज आगे के मुकाम की तरफ बढ़ रही है। कार्यक्रम में रिबन की रस्म को रमन गर्ग मोनू द्वारा वहीं सुरेंद्र मेहरिया द्वारा ज्योति रस्म को अदा किया गया। श्याम लाडले बस सेवा समिति द्वारा इस कार्यक्रम में झंडे की रस्म की गई और श्री दुर्गा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान दीपांशु गर्ग द्वारा तिलक रस्म को अदा किया गया। शिविर में जोहरी ब्लड बैंक समाना द्वारा रक्त एकत्रित किया गया, जिसमें 79 यूनिट रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर यहां पर शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों द्वारा नाटक प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर श्री श्याम सेवा दल के सदस्य लाली सिंगला, प्रदीप कुमार, दीपक सिंगला, रजत सिंगला, लव शर्मा, जॉनी इंसान, ध्रुव गोयल, नवीन कुमार, निशु कोशिक, कपिल कुमार, राजन मौर्या के अलावा अध्यापक श्वेता शर्मा, हीना रानी, जैस्मिन, कविता, भावना व मानी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



**जाखल।** रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

### युवाओं को मतदान करने की शपथ भी दिलाई

## युवाओं को मतदान के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

नेहरू युवा केंद्र व अतिरिक्त उपायुक्त के दिशा निर्देशानुसार फतेहाबाद के स्वयंसेवक सूरज कंबोज व स्वयंसेविका पिंकी रानी द्वारा भूना के बस स्टैंड पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सूरज कंबोज व पिंकी रानी ने युवाओं को एकत्रित कर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया और उन्हें निष्पक्ष भाव से मतदान करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को सि-विजल एप्प के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को बताया कि हमें अपने आस- पास हो रही अनैतिक गतिविधि को ध्यान मे रख कर इस एप्प के द्वारा सूचना दे सकते है। सरकार बनाने में युवा पीढ़ी का महत्वपूर्ण स्थान है व हमें हमारे वोट का उचित प्रयोग करना है। युवाओं को बताया गया कि हमें धर्म व भाषा और जात-पात न देखते हुए अपने मजबूत लोकतंत्र को एक अपनी इच्छानुसार व भविष्य को ध्यान मे रखते हुए मतदान करना है। कार्यक्रम का समापन करते हुए एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया व शपथ दिलाई और युवाओं से हस्ताक्षर भी करवाए गए कि वे 25 मई को अपना वोट डालने जरूर जाएंगे। इस अवसर पर अनिल सोनी, नरेश कुमार, बलजीत सिंह, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, गुलशन कुमार, हंसराज,संदीप कुमार आदि मौजूद थे।




**भूना।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को जागरुक करते हुए स्वयंसेवक सूरज कंबोज व स्वयंसेविका पिंकी रानी।

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रत्याशी के बयान पर ब्राह्मण समाज की आपत्ति

**सिरसा।** श्री ब्राह्मण सभा सिरसा के जिला प्रधान प्रो. दयानंद शर्मा ने पूर्व मंत्री व हिसार संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला के ब्राह्मणों के प्रति दिए गए बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। प्रो. शर्मा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी के बयान से ब्राह्मण समाज में काफी रोष है और आने वाले चुनावों में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### मंगाला से व्यक्ति संदिग्ध हालत में लापता

**सिरसा।** जिला के गांव मंगाला से हिमायुंखेड़ा के लिए निकला व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव मंगाला निवासी महेंद्र पाल ने बताया कि उसका 64 वर्षीय चाचा कुंदनलाल मूकबधिर है। बीती 22 मार्च की शाम को वह बाइक पर हिमायुंखेड़ा जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन न तो वे हिमायुंखेड़ा पहुंचे और न ही घर वापस लौटे।

### शाइनिंग स्टार स्कूल में मना वार्षिक उत्सव

**रतिया।** शाइनिंग स्टार स्कूल में वार्षिक उत्सव बहुत धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी अभिभावकों ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर डॉ. नीरज कटारिया, डॉ. पंकज गोयल, उषा वधवा, प्राचार्या मोनिका कटारिया ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। नन्हे मुन्हें बच्चों ने सरस्वती वंदना व अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए।द

### डीसी व एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**सिरसा।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह व पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने संयुक्त रुप से लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर स्थानीय शमशाबाद पट्टी, चत्तरगढ पट्टी सहित अन्य पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण किया।

### जुआ खेल रहे युवकों को पुलिस ने धर दबोचा

**सिरसा।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त के दौरान रविवार को गांव जगमालवाली में सार्वजनिक जगह पर जुआ खेल रहे 7 लोगों को काबू कर उनके कब्जे से 17240 रुपए की जुआ राशि बरामद की। सीआईए कालांवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान महेंद्र सिंह निवासी फग्गु, कुलविंद्र निवासी जलालआना, गुलशन सिंह निवासी असीर, हरपाल सिंह निवासी पक्का शहीदां व अन्य शामिल है।

### शिक्षक ने पहली सैलरी से की गोसेवा

**ओढां।** राम भगत हनुमान गऊशाला नुहियांवाली में प्राध्यापक ने अपने पहले वेतन में से 25 हजार रुपये दान के रूप में दिए। गौशाला के प्रधान महेन्द्र सिंह निमीवाल ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नुहियांवाली में नवनियुक्त संस्कृत प्राध्यापक होशियार पुत्र भगवाना राम निवासी घुकांवालीं ने अपनी पहली सेलरी में से खुशी से 25 हजार दिए।

### मुख्यमंत्री की रैली का न्योता देने पहुंचे थे विधायक

# चनकोठी में किसानों ने विधायक का किया विरोध, दिखाएं काले झंडे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

रविवार दोपहर को रतिया क्षेत्र के गांव चनकोठी में विधायक लक्ष्मण नापा को दौरे के दौरान किसान संगठनों के विरोध का सामना करना पड़ा। किसानों ने गांव में एकजुट होकर विधायक के गांव में आगमन पर विरोध जताते हुए उन्हें काले झंडे दिखाए तथा भाजपा सरकार और विधायक के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। किसानों द्वारा विरोध करने की सूचना मिलने के चलते प्रशासन द्वारा सदर थाना प्रभारी ओमप्रकाश बिश्नोई के नेतृत्व में विधायक के आने से पूर्व ही भारी पुलिस बल तैनात कर दिया था। जिस तरह से किसानों ने भाजपा के चुनावी कार्यक्रमों का विरोध करना शुरू कर दिया है उसके चलते सिरसा लोकसभा से भाजपा के उम्मीदवार के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई है क्योंकि किसान संगठनों ने दो दिन पूर्व भी बैठक कर रतिया में 5 अप्रैल को मुख्यमंत्री आगमन का विरोध करने का भी निर्णय लिया है। सिरसा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर के समर्थन में वोट मांगने तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की 5 अप्रैल की रतिया में होने वाली रैली के न्योते को लेकर विधायक लक्ष्मण नापा रविवार को गांव चनकोठी में पहुंचे। विधायक के आने की सूचना मिलते ही भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के ब्लॉक अध्यक्ष गुरलाल सिंह की अध्यक्षता में किसान इकट्ठा होने शुरू हो गए। विधायक लक्ष्मण नापा के गांव में पहुंचते ही किसानों ने काले झंडे दिखाते हुए उनका विरोध करना शुरू कर दिया। हालांकि मौके पर तैनात पुलिस कर्मचारियों ने किसानों को विधायक के कार्यक्रम में जाने से रोक दिया। पुलिस द्वारा रोकने से किसानों में रोष बढ़ गया और उन्होंने विधायक लक्ष्मण नापा और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के ब्लॉक अध्यक्ष गुरलाल सिंह ने कहा कि भाजपा की प्रदेश और केंद्र सरकार ने किसानों के साथ वायदा खिलाफी की है। हरियाणा में बाढ़ के कारण किसानों को बहुत नुकसान हुआ। हरियाणा सरकार ने बाढ़ से खराब हुई फसलों, क्षतिग्रस्त हुए घरों की मुरम्मत और बाढ़ के कारण खराब हुए ट्यूबवेल की मुरम्मत करने के लिए मुआवजा देने का वादा किया था। अभी तक मात्र 12 प्रतिशत किसानों को मुआवजा दिया गया तथा बाकी 88 प्रतिशत किसान पिछले 6 महीने से मुआवजे की इंतजार कर रहे हैं। 20 फरवरी को दिल्ली जा रहे किसानों पर बहुत ही बर्बरता पूर्व गोलियां चलाई गई। ऐसे में किसानों ने फैसला लिया है कि वे भाजपा के नेताओं को गांव में नहीं घुसने देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को चुनाव के वक्त ही ग्रामीणों की याद आ रही है लेकिन पिछले 5 सालों में उन्होंने किसानों और ग्रामीणों के खिलाफ तानाशाही नीति अपनाई। विधायक द्वारा जल्दी कार्यक्रम को निपटाकर गांव से चले जाने के बाद किसान शांत हुए। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान गुरलाल सिंह, मुंदरी सिंह, कुलदीप सिंह, माशा सिंह, काला सिंह, सतनाम सिंह, मखन सिंह, सुखविंदर सिंह, लाभ सिंह, मनजोत सिंह, केवल सिंह, वीरू सिंह, मनप्रीत सिंह, गुरप्यार सिंह, नील सिंह, भोला सिंह, हरप्रीत सिंह, वादल सिंह, मनदीप सिंह व अन्य मौजूद रहे।





रतिया। गांव चनकोठी में भाजपा विधायक लक्ष्मण नापा का विरोध करते किसान, गांव चनकोठी में भाजपा विधायक के विरोध के चलते तैनात पुलिस कर्मचारी।

### पीएम मोदी की मजबूती के लिए अशोक तंवर की जीत जरूरी : नापा

रतिया अनाज मंडी में 5 अप्रैल को होने वाली मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली को लेकर ग्रामीण दौरे के दौरान गांव चनकोठी में विधायक लक्ष्मण नापा ने ग्रामीणों को निमंत्रण दिया। किसानों के विरोध प्रदर्शन के बीच ग्रामीणों को संबोधित करते हुए लक्ष्मण नापा ने सिरसा लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर के लिए वोटो की अपील की। उन्होंने कहा कि आज देश का हर नागरिक नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री देखना चाहता है क्योंकि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विदेश में अपना दबदबा बढ़ाते हुए भारत देश का कद ऊंचा किया है तथा देश में भी विकास के नए आयाम पैदा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूती कर देने के लिए अशोक तंवर को सिरसा से सांसद बनाने के लिए भाजपा को वोट दें। उन्होंने ग्रामीणों को 5 अप्रैल की मुख्यमंत्री की रैली के लिए भी आमंत्रण दिया।



फतेहाबाद। सेमिनार की तैयारियों को लेकर चर्चा करते जनसंगठनों के पदाधिकारी।

## सामाजिक न्याय विषय पर सेमिनार 13 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की 197वीं जयंती एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 128वें जन्मदिवस पर विभिन्न जनसंगठनों द्वारा 13 अप्रैल को फतेहाबाद में सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। वाल्मीकि चौक स्थित भगवान वाल्मीकि आश्रम में आयोजित होने वाले सेमिनार का विषय 'मौजूदा दौर में सामाजिक न्याय का सवाल' होगा। यह जानकारी देते हुए सीटू के जिला कोषाध्यक्ष बेगराज, नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तोषामड़ ने बताया कि सेमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के उपमहासचिव मा. कृष्ण कुमार भाग लेंगे। सेमिनार की तैयारियों को लेकर जनसंगठनों की बैठक हुई, जिसमें सेमिनार की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। कर्मचारी नेता बेगराज ने बताया कि मौजूदा दौर में सभ्य कहलाए जाने वाले समाज में आज भी जातिवाद, भेदभाव, सामाजिक अन्याय, अंधविश्वास, पाखण्डवाद, लिंग भेद, साम्प्रदायिकता मौजूद है और एक योजनाबद्ध षडयंत्र के तहत इन्हें बढ़ावा दिया जा रहा है। लोकतांत्रिक मूल्यों पर लगातार हमले हो रहे हैं, इन हमलों को देखते हुए हमें भारत में सामाजिक बदलाव की दृष्टि से जिन महापुरूषों ने काम किया, क्रान्तिकारी विचार दिए, संवैधानिक अधिकार दिए, उनमें महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले और संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर का महत्वपूर्ण योगदान है। हमें इनके विचारों पर चलना चाहिए। इसी के चलते जनसंगठनों द्वारा साम्राज्यवाद विरोधी संघर्ष के प्रतीक जलियांवाला बाग के शहीदों के बलिदान दिवस पर 13 अप्रैल को यह सेमिनार आयोजित करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने समाज के तमाम प्रगतिशील, बुद्धिजीवी वर्ग सहित जनता के तमाम हिस्सों से 13 अप्रैल शनिवार को प्रातः 10 बजे भगवान वाल्मीकि आश्रम, फतेहाबाद में होने वाले सेमिनार में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

## बैडमिंटन कोर्ट निर्माण का नींव पत्थर रखा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रानियां

श्री गुरदेव चैरिटेबल ट्रस्ट संतनगर की ओर से रविवार को गांव संतनगर स्थित गुरदेव इंडोर स्टेडियम में 4 बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण का नींव पत्थर रखा गया। ट्रस्ट के उपप्रधान अमर सिंह कूका ने बताया कि नींव पत्थर रखने के दौरान अरदास हरवेल सिंह हंजरा ने की, जबकि मिस्त्री राजन सिंह जब्बल ने पहली ईंट लगाकर कार्य का शुभारंभ किया। उपप्रधान ने बताया कि इससे पूर्व स्टेडियम में दो कोर्ट थे, चार और बनने से यहां कुल 6 कोर्ट हो जाएंगे और तीन महीने में इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा, जिससे युवाओं को अभ्यास करने में कोई परेशानी नहीं आएगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन बेहतर मंच न मिलने के कारण युवा अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित नहीं कर पाते। अमर सिंह कूका ने बताया कि वर्तमान समय में नशा युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए गांवों में इस प्रकार के खेल मंच तैयार करने होंगे ताकि युवा नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सके। श्री गुरदेव चैरिटेबल ट्रस्ट का उद्देश्य हमेशा से ही समाजसेवा का ही रहा है। अमर सिंह कूका ने बताया कि समय-समय पर ट्रस्ट के प्रधान हरपिंद्र सिंह कूका की ओर से अनेक खेल गतिविधियों का आयोजन करवाया जाता रहा है।



सिरसा। गुरदेव इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण का नींव पत्थर रखते हुए।

## रॉयल स्कूल खाराखेड़ी का परिणाम घोषित

- स्कूल में सुंदर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए जहां अभिभावकों और बच्चों ने बहुत सारी सेल्फी ली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खाराखेड़ी में कक्षा नर्सरी से 9वीं और 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सभी विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम जानने के लिए अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे। बेहतरीन वार्षिक परीक्षा परिणाम को देखते हुए विद्यार्थियों और अभिभावकों में प्रसन्नता और उत्साह देखने को मिला। स्कूल में सुंदर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए जहां अभिभावकों और बच्चों ने बहुत सारी सेल्फी ली। सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सभी कक्षाओं में से अन्य निर्धारित सात कैटेगरी में पारितोषिक देकर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया गया जिनमें विद्यार्थियों का अनुशासन, नेतृत्व, व्यवहार, सुधार, यूनिफॉर्म, लिखाई आदि का अवलोकन किया गया था। स्कूल परिसर में एटीएल लैब द्वारा आयोजित साइंस प्रदर्शनी और आर्ट एंड क्राफ्ट विभाग द्वारा एक कला प्रदर्शनी लगाई गई। एटीएल लैब में बनाए गए प्रोजेक्ट्स जैसे सेमी ऑटोमेटिक गार्बेज कलेक्टर, स्मार्ट फॉर्म फेंसिंग, फसल रक्षक, चंद्रयान 3 मॉडल, 3डी प्रिंटर द्वारा बनाए गए मॉडल, वर्किंग मॉडल, 3 डी मॉडल तथा डिजिटल माइक्रोस्कोप आकर्षण के मुख्य केंद्र रहे। आर्ट एंड क्राफ्ट के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए सुंदर मॉडल, ड्राइंग, पेंटिंग, स्केच आदि देख कर अभिभावकों ने बहुत सराहना की। विद्यार्थियों द्वारा बनाया गया स्कूल बिल्डिंग का 3-डी मॉडल देखकर सभी ने दांतों तले उंगली दबा ली। इस अवसर पर स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्सना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डीवी नेहरा, स्कूल प्रिंसिपल डॉ. आरए प्रभाकर व अन्य मौजूद रहे।




फतेहाबाद। रॉयल स्कूल खाराखेड़ी में बच्चों का परिणाम जानते अभिभावक।

### सजग व सतर्क रहकर चुनावी ड्यूटी का निर्वहन करें अधिकारीः उपायुक्त



**सिरसा।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए सेक्टर ऑफिसर सजग व सतर्क रहकर अपनी ड्यूटी निभाएं। किसी भी प्रकार की कठिनाई या असुविधा होने पर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी को अवगत करवाएं। इसके अलावा सेक्टर आफिसर अपने-अपने बूथों का व्यक्तिगत तौर पर निरीक्षण करें व बूथों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित भी करें। इसके साथ-साथ क्रिटिकल व वलनरेबल बूथों पर विशेष निगरानी की जाए। उन्होंने कहा की सेक्टर ऑफिसर का मतदान करवाने में अहम योगदान होता है। इसलिए वे कर्तव्य निष्ठा के साथ अपना दायित्व निभाए। शांतिपूर्ण चुनाव के लिए धैर्य को बनाकर रखें। प्रजातंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया बेहद संवेदनशील होती है, इसलिए अपने कार्य का अच्छी प्रकार से प्रशिक्षण लें।

## न्यू सनराइज में स्कॉलरशिप टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भूना

न्यू सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल भूना के प्रांगण में रविवार को विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट लिया गया, जिसमें 130 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा में पहले से 10 में स्थान तक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 75 फीसदी तक स्कूल में एडमिशन करवाने पर फीस में छूट मिलेगी। इसके अतिरिक्त कक्षा दसवीं में 95 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले विद्यार्थी को 11वीं के अंदर 30 प्रतिशत फीस में छूट मिलेगी। स्कूल के डायरेक्टर अजय रेवड़ी की अध्यक्षता में बहुत ही अच्छे तरीके से परीक्षा सम्पन्न हुई। रेवड़ी ने स्ट्रीम चुनने के बारे मे विस्तार से जानकारी दी और लक्ष्य हासिल करने के टिप्स दिए। विजडम के डायरेक्टर गगनदीप पाहवा ने विद्यार्थियों को स्ट्रेस से बचने के उपाय व आईआईटी और जेई, नीट प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए बच्चों को निरन्तर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। पाहवा ने कहा कि स्कूल के अंदर ही इसकी शिक्षा प्रदान की जाएगी और इसके लिए विद्यार्थियों को बहार शिक्षा ग्रहण करने के लिए कोचिंग संस्थानों पर दूर- दराज जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन कमेटी उपप्रधान संजय रेवड़ी, प्रिंसिपल नेहा रेवड़ी, ज्योति रेवड़ी, रेणु रेवड़ी, मास्टर सुरेन्द्र खिचड़ व अन्य मौजूद रहे।



भूना। न्यू सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्कॉलरशिप परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थी।

## 264 शराब की पेटियों सहित दो भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

सीआईए सिरसा पुलिस की अलग-अलग दो टीमों ने बाजेकां नाका व घग्गर पुल गांव खैरेकां क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान करीब 13 लाख रुपए की 264 पेटी अंगेजी शराब का जखीरा बरामद किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक सुमित कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम नाकाबंदी के दौरान बाजेकां रोड सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को डबवाली की ओर से एक पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त पिकअप गाड़ी को रोक कर नियमानुसार तलाशी ली तो गाड़ी से 106 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। वहीं एक अन्य घटना में सीआईए पुलिस टीम के सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में नाकाबंदी के दौरान घग्गर पुल गांव खैरेकां सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान डबवाली की ओर से एक बोलोरो पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस पार्टी ने गाड़ी को रोकने का इशारा किया तो चालक ने अचानक सामने पुलिस पार्टी को देखकर घबरा गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान थाना सिंह व लखविंद्र सिंह पुत्र पप्पू राम निवासी मंशीया बस्ती, शहर जीरा, पंजाब के रुप में हुई है।

## अनाज मण्डी में जुआ खेलते 12 लोग काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जुआरियों पर नकेल कसते हुए फतेहाबाद पुलिस ने अनाज मण्डी से 12 लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से हजारों की जुआ राशि बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान लाल बत्ती चौक पर मौजूद थी तो उन्हें सूचना मिली कि अनाज मण्डी में बूथ नं. 1 के ऊपर चौबारे पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने सीढ़ियों में चढ़कर देखा कि वहां कुछ लोग गुरप बनाकर जुआ खेल रहे थे। इस पर पुलिस ने छापेमारी कर 12 लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथ काबू कर लिया। पकड़े गए युवकों ने अपने नाम सुभाष चन्द्र निवासी ढाणी बिन्जा लाम्बा, विकास निवासी कुम्हारिया, विक्रम निवासी ढाणी ढाका, सुलतान निवासी भूथनखुर्द, सुनील कुमार ढाणी ईशर, कुलजीत सिंह भूथनकलां, नवीन कुमार जांडवाला सौत्र, राजेन्द्र भिरड़ाना, बुधराम भूथनकलां, रिन्कू भूथनकलां, महेन्द्र ढाणी बिन्जा लाम्बा व मोनू साबरवास बताया। पुलिस ने इनके पास से 85 हजार रुपये की जुआ राशि बरामद की गई।

### लड़कों में शुभराज और लड़कियों में वंदना को मिला बेस्ट एथलीट का अवार्ड

# सैनिक स्कूल में द्वितीय इंटर हाउस एथलेटिक मीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

गांव खाराखेड़ी स्थित सैनिक स्कूल में द्वितीय इंटर हाउस एथलेटिक मीट का आयोजन किया कया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद संगीता बिश्नोई ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस एथलीट मीट में कुल 28 इवेंट्स का आयोजन किया गया जिनमें 14 इवेंट्स लड़कों व 14 इवेंट्स लड़कियों के लिए थे। 14 इवेंट्स में से 8 ट्रैक और 6 फील्ड इवेंट्स शामिल रहे। ट्रैक इवेंट्स में 100, 200, 400, 800, 1500 मीटर रेस, 4100 रिले रेस, 4400 रिले रेस शामिल थे। फील्ड इवेंट्स में लॉन्ग जंप, हाई जंप, ट्रिपल जंप, जैवलिन थ्रो, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो शामिल थे। इस प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण 100 मीटर फ्रंट रोल रहा जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी गति, सहनशक्ति और शारीरिक मजबूती का बेहतरीन प्रदर्शन किया। फ्रंट रोल में लड़कियों में कैडेट हिमांशु सिहाग तथा लड़कों में कैडेट आर्यन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है कि 400 मीटर का ट्रैक पूरे जिले में केवल सैनिक स्कूल खाराखेड़ी में ही उपलब्ध है। इस प्रतियोगिता में एक खिलाड़ी चार इवेंट्स में भाग ले सकता था। इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र हाउस के लड़के और लड़कियों की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त करके ओवरऑल चैम्पियन का खिताब हासिल किया। लड़कों में से बेस्ट एथलीट कैडेट शुभराज और लड़कियों में बेस्ट एथलीट कैडेट वंदना रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई द्वारा स्कूल परिसर में लगी साइंस और आर्ट एंड क्राफ्ट की प्रदर्शनी का भी दौरा किया गया। उन्होंने इस प्रदर्शनी की बेहद सराहना की।

जिले के एकमात्र सैनिक स्कूल की प्रशंसा करते हुए संगीता बिश्नोई ने कहा कि इस जिले के लिए इस तरह का प्रतिष्ठित संस्थान होना सौभाग्य की बात है। छात्रों का प्रदर्शन और अनुशासन वास्तव में सराहनीय है।

इस अवसर पर स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्सना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डीवी नेहरा, स्कूल प्रिंसिपल डॉ. आरए प्रभाकर तथा सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। इस खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन में नायब सूबेदार देवेंद्र सिंह, लांस नायक विजय कुमार, कोच रतन सिंह एवं कोच जितेंद्र ने अहम भूमिका निभाई।




फतेहाबाद। सैनिक स्कूल खाराखेड़ी में विद्यार्थियों को सम्मानित करते डीईओ संगीता बिश्नोई।